<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

दिनांकः 22.12.2023

प्रेस–विज्ञप्ति

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के लिये राजस्थान पुरातत्व एवं संग्रहालय सेवा नियम–1960 के अन्तर्गत खोज एवं उत्खनन अधिकारी (Exploration and Excavation Officer) तथा संग्रहाध्यक्ष (Curator) की भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 21.07.2023 जारी कर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये।

कुछ अभ्यर्थियों ने विज्ञापन के अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव धारित नहीं होने के उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन किये है। ऐसे आवेदक दिनांक 28.12.2023 से दिनांक 05.01.2024 तक SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recruitment Section के अन्तर्गत सम्बन्धित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकते हैं।

निर्धारित दिनांक 05.01.2024 के उपरांत विज्ञापन में वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं <u>**पुरातत्व के क्षेत्र में कम से कम एक सत्र (जो 2 माह से कम ना हो) का अनुभव नहीं**</u> होने के बावजूद भी ऑनलाईन आवेदन करके इस परीक्षा के आयोजन में बाधा उत्पन्न करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने पर ऐसे अभ्यर्थियो के विरूद्ध आईपीसी की धारा 182 के अन्तर्गत अभियोजन की कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव